Title: Re: Need to set up a Passport Seva Office in Jind, Haryana

श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत): मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत (हरियाणा) में आने वाले जींद की जनता की मांग को देखते हुए जिला स्तर पर लघु सचिवालय में पासपोर्ट बनाए जाने की सुविधा शुरू की जाए। ताकि उन्हें भी भविष्य में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान हो। आगे जाकर भविष्य में ऐसे छात्र ही हमारे देश को आगे ले जाने का कार्य करेंगे। यहाँ छात्रों को पासपोर्ट बनवाने के लिए दूसरे जिले में जाना पड़ता है। अगर सरकार ऐसा करती है, तो जींद के लाखों लोगों को फायदा पहुंचेगा। एक तो जिला स्तर पर पासपोर्ट बनवाने वालों की भीड़ कम हो जाएगी, वहीं साथ ही पासपोर्ट बनवाने के लिए लोगों को 100-100 किलोमीटर का फासला तय करने से छुटकारा मिलेगा।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में आने वाले जींद में पासपोर्ट सेवा ऑफिस की शुरूआत की जाए।